## समाचार

## निगम के प्रतिष्ठानों में पूजे गये देवशिल्पी

### (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल सहित निगम के सभापति, पार्षदगण व अधिकारी कर्मचारियों ने की भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना)





कोरबा 17 सितम्बर 2016–नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न प्रतिष्ठानों में आज देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना का आयोजन किया गय। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल सहित निगम के सभापति, मेयर इन काउंसिल के सदस्य, पार्षद, जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर नगर के सर्वांगीण विकास की कामना की।

भगवान विश्वकर्मा जयंती के परम पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आज निगम के कर्मशाला, जलउपचार संयंत्र कोहड़िया, निहारिका पानी टंकी सहित विभिन्न स्थानों में धूमधाम के साथ विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने विभिन्न पूजा पण्डालों में पहुंचकर देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की तथा नगर के सर्वांगीण विकास एवं आमजन की सुख–समृद्धि की कामना की। आयोजन के दौरान निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल सदस्य महेन्द्र सिंह चौहान, दिनेश सोनी एवं डॉ. गोपाल कुर्रे, पार्षद डॉ. मनहरणलाल राठौर, अमर अग्रवाल, मनकराम साहू, चेम्बर आफ कामर्स के अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल, समाजसेविका मंगल बुधिया, पूर्व सभापति संतोष राठौर, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, गौरी राठौर सहित निगम के कार्यपालन अभियंता आर.के. भोजासिया, आर.के. चौबे, ग्यास अहमद, आर.के. माहेश्वरी, निगम सचिव पवन वर्मा, राजस्व अधिकारी बी.पी. त्रिवेदी, सहायक अभियंता अखिलेश शुक्ला, के.पी.दहायत, भूषण उरांव, एन.के. नाथ, राकेश मसीह, योगेश राठौर, डॉ.शिरीन लाखे, एन.एस.करपे, डॉ.संजय तिवारी, आनंद राठौर, हरिशंकर साहू, सुनील तांड़े, आर.एस. यादव, राजबहादुर सिंह, देवेन्द्र सिंह, आर.एस. चौहान, के.पी.नायडू, बी.एल. राठौर, अशोक देशमुख, रामप्रसाद मिर्री, डेलीराम साहू, सुरेश सिंह, जन्मेजय सिंह, अरूण बघेल, महावीर सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की तथा नगर के सर्वांगीण विकास का आशीर्वाद मांगा।

**महापौर ने विभिन्न स्थानों पर की पूजा अर्चना**– भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर नगर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित पूजन कार्यक्रम में पहुंचकर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने देवशिल्पी की पूजा अर्चना की। उन्होने तिलक मार्ग में ठेकेदार संघ द्वारा आयोजित पूजन कार्यक्रम, सुनालिया मार्ग स्थित महेन्द्र मोटर्स, जेलगांव चौक स्थित शांति हीरो एजेंसी तथा रूमगरा बस्ती स्थित पूजा पण्डाल में पहुंचकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की तथा विश्वकर्मा जयंती की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं आमजन को दी।